NT>

Title: Regarding police firing on unemployed youths and farmers in a sugar mill at Ahulana village, Sonipat district, Haryana.

श्री किशन सिंह सांगवान (सोनीपत) : उपाध्यक्ष महोदय, कल शाम पांच बजे मेरे चुनाव क्षेत्र सोनीपत में आहूलाना शुगर मिल में पुलिस, बेरोजगार लड़कों और किसानों के बीच भारी पथराव और गोलियां चलीं। अभी तक यह रिपोर्ट नहीं आई है कि उसमें कितने लोग मारे और घायल हुए तथा कितना प्रॉपर्टी का नुकसान हुआ है? इसे लेकर गांव में बड़ा तनाव है। एक तरफ पुलिस बैठी है जिस ने चारों तरफ से गांव को घेरा हुआ है और दूसरी तरफ गांव के लोग बैठे हैं। जैसे एक देश दूसरे देश पर हमला करता है, वैसी स्थिति और तनाव बना हुआ है। मैं आपके माध्यम से यह अपील करना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार इस मामले में हस्तक्षेप करे और पार्लियामैंट के मैम्बर्स की एक कमेटी वहां जल्दी विजिट करे। वहां कोई भी अनहोनी घटना हो सकती है क्योंकि बहुत अधिक तनाव है। किसानों और नौजवान लड़कों के साथ इन्साफ किया जाए क्योंकि उनके ऊपर बड़ी ज्यादती हुई है। वहां सारी रात पथराव और गोलियां चलती रहीं।